Orchid

OSR SERIES

# भूमि

## उत्तर कुंजी

6

Orchid
Publications (P) Ltd.
Endeavour Towards Holistic Education

# 1 उठो धरा वेफ अमर सपूतों
## (Rise Up, Immortal Sons of Earth)

अभ्यास Exercise

**मौखिक Oral**

1. क- कवि ने देश का नवनिर्माण करने के लिए धरती के सपूतों आहवान किया है।
   ख- लोगों में नई उमंगें और तरंगें है, क्योंकि सदियों की पराधीनता के बाद देश को स्वाधीनता मिली है।
   ग- डालों पर बैठे पंछी नए स्वरो में गा-गाकर अपनी ख़ुशी प्रकट कर रहे हैं।
   घ- कवि ने माँ सरस्वती के पावन मंदिर को "शुभ-संपत्ति" कहा है।

**लिखित Writing**

2. क- स्वतंत्रता पाने के बाद हमारे देश में नया युग आता है। धरा के सपूत इस नव युग को वीणा में नए राग और गान भरेंगे।
   ख- सारे देश में स्वतंत्रता रुपी सूर्य का प्रकाश फैला हुआ है। सुनहरी ध्धूप के कारण आज धरती माँ की काया सुनहरी हो रही है।
   ग- विद्यार्थी स्वयं करें।
   घ- नूतन मंगलमय ध्वनियों से संसार रुपी उधान को गुंजित करना है क्योंकि देश में स्वतंत्रता रुपी सूर्य का प्रकाश फैल चुका है जिससे धरती माँ की काया सुनहरी हो गई है।
3. क- सदियों की गुलामी के बाद हमारे देश को स्वतंत्रता मिली है कवि चाहते हैं कि देश के युवक स्वतंत्रता के बाद देश का नव निर्माण करें। वे लोगों के जीवन में नया उत्साह भरें, उनमें नए प्राणों का संचार करें। युग-युग के मुरझाए फूलों को नई मुस्कान दें। अपनी मंगलमय वाणी से संसार रुपी उद्यान को गुंजित करें। वे तरह-तरह का ज्ञान प्राप्त कर देश का भविष्य उज्ज्वल बनाए।
   ख- वर्षों तक गुलामी के अंधेरे में रहने, अन्याय तथा तरह तरह के शोषण को सहते-सहते लोग अपना स्वाभिमान खो बैठे। उनके दिलों में उदासी छा गई इसलिए कवि युग युग से लोगों के मुरझाए हृदय सुमनों पर नई मुस्कान देखना चाहते हैं।
   ग- कवि देश के सपूतों को यह संदेश देना चाहते हैं कि उन्हें देश का नव निर्माण करना है। स्वतंत्रता का लाभ जन-जन तक पहुंचाना है। तुम्हें लोगों में नए प्राण फूंकने है। वे देश को नए युग की ओर ले जाएँ।
   घ- कवि ने प्रातः काल को नया कहा है क्यों कि यह स्वतंत्रता का प्रभात है।
4. क- (ii)     ख- (iii)
5. क- अमर     ख- मुरझे     ग- स्वरों     घ- जग-उद्यान

**बहुविकल्पीय प्रश्न Multiple Choice Questions**

6. क. (iii)     ख. (iii)     ग. ( ii )     घ. ( ii )

**व्याकरण पर आधारित प्रश्न Grammar Based Questions**

1. क. पृथ्वी - धरती, भूमि     ख. सुबह - प्रभात, सवेरा     ग. फूल - पुष्प सुमन     घ. सन्नाटा - स्तब्धता, मौन
2. क. निर्माण - युवाओं को देश का नव-निर्माण करना चाहिए।

ख. सपूतों - देश को आज़ादी के लिए वीर सपूतों ने अपनी बलि दी।
ग. उमंग - होली एक उमंग भरा त्योहार है।
घ. नूतन - आज मोहन ने नूतन कविता की रचना की।

# 2 बुद्धिहीन सभासदों की संगति
## (Fellowship of the Unintelligent Assembly)

### अभ्यास Exercise

**मौखिक Oral**

1. क. राजा कृष्णदेव राय प्रजा का हाल जानने के लिए राज्य में वेश बदलकर भ्रमण पर निकलते थे।
ख. राजा ने तेनालीराम को राजसभा में न आने का आदेश दिया।
ग. जब राजा ने एकबार तेनालीराम को राजसभा में न आने का आदेश दिया तो सभासद प्रसन्न हुए क्यों कि वे तेनालीराम से ईर्ष्या करते थे।
घ. राजा ने झोंपड़ी के बाहर खड़े व्यक्ति से जल माँगा।

**लिखित Writing**

2. क. वृद्ध किसान ने राजा की तुलना गन्ने से की क्योंकि राजा गन्ने के समान मीठे थे जो प्रजा पर अपार स्नेह लुटाते थे लेकिन शत्रु के लिए दंड के समान थे जिससे शत्रुओं को पीटने का कार्य भली-भाँति किया जा सकता था।
ख. ग्रामीणों ने राजा के प्रशन का यह उत्तर दिया कि उनके गाँव में सुख-शांति है। किसी को कोई कष्ट नहीं है। राजा, प्रजा को अपनी संतान की तरह प्रेम करते हैं।
ग. सभासदों के द्वारा ग्रामीण को बात का गलत अशय समझाने पर राजा को क्रोध आ गया तब उनकी कठोर वाणी को सुनकर बृद्ध किसान डर गया।
घ. जब वृद्ध किसान ने राजा को गन्ने के समान बताया तब एक सभासद ने उसका गलत अर्थ निकाला और राजा को समझाया कि वृद्ध उन्हें गन्ने के समान दुर्बल कहना चाहता है। राजा को भी सभासद की बात सही लगी और उन्हें वृद्ध किसान पर क्रोध आ गया।

3. क. जब वृद्ध किसान ने राजा को गन्ने के समान बताया तब सभासदों ने राजा से कहा कि वृद्ध उन्हें गन्ने के समान कमजोर कहना चाहता है जिसे कोई भी आसानी से उखाड़ सकता है।
ख. राजा के सभासद दूरदर्शी नहीं थे। यदि तेनालीराम राजा का पीछा न करते तो कई निरपराध लोग राजा के सभासदों की अज्ञानता के कारण संकट में पड़ जाते।
ग. सभासदों की मूर्खता के कारण एक वृद्ध किसान मौत के घाट उतार दिया जाता।

**बहुविकल्पीय प्रश्न Multiple Choice Questions**

4. क. (i) ख. (ii) ग. (iii) घ. (i) ड. (i)

5. क. ✓ ख. ✗ ग. ✗ घ. ✓

**व्याकरण पर आधारित प्रश्न** Grammar Based Questions

1. क. राजा – रंक ख. शांति - अशांति ग. सुख – दुख घ. आदर - अनादर ड. प्रेम – घृणा च. मीठा - खट्टा

2. क. राजाओं ख. अधिकारियों ग. सभासदों घ. अध्यापकगण ड. किसानों च. ग्रामीणों

3. क. संतुष्टि ख. परिणाम ग. ईर्ष्या घ. व्यक्ति ङ. किसान च. सभासदों

# 3

# गिल्लू
## (Gillu)

**अभ्यास** Exercise

**मौखिक** Oral

1. क. गिलहरी ख. कौए ग. महादेवी वर्मा घ. काजू ड. गिलहरियों के झुंड का

**लिखित** Writing

2. क. लेखिका को गिल्लू बरामद में गमले के पास बेहोश–सा मिला था।

ख. गिल्लू गर्मी से बचने के लिए लेखिका के पास रखी सुराही पर लेट जाता था। इस प्रकार वह लेखिका के पास भी रहता और ठंडक में भी रहता।

ग. लेखिका का ध्यान आकर्षित करने के लिए गिल्लू उनके पैर पर आकर सर्र से परदे पर चढ जाता और फिर उसी तेजी से उतरता। उसका यह दौड़ने का क्रम तब तक चलता जब तक लेखिका उसे पकडने के लिए न उठती।

घ. लेखिका गिलहरी के घायल बच्चे को होले से उठकर अपने कमरे में ले आई। उन्होंने उसके घावो पर लगे खून को रुई से साफ किया फिर उस पर पेनिसिलिन का मरहम लगाया।

3. क. पाठ में कौवो को समादरित और अनादरित कहा गया है। पितृपक्ष में लोग इन्हें आदर से बुलाकर भोजन देते हैं। इसे अनादरित इसलिए कहा गया है क्योंकि इनकी आवाज बहुत कड़वी होती है।

ख. प्रस्तुत पंक्ति का आशय है कि सुबह की पहली किरण के साथ ही गिल्लू की मृत्यु हो गई।

ग. उसने दिनभर न कुछ खाया न बाहर गया। रात में भी वह झूले से उतरकर लेखिका के बिस्तर पर आया और ठंडे पंजे से उसकी उंगली पकड़कर हाथ से चिपक गया। उससे लेखिका को यह आभास हो गया कि उसका अंत समय निकट है।

घ. लेखिका के अस्पताल में रहने के दौरान गिल्लू बहुत उदास था। उसे लेखिका की कमी महसूस होती थी इसलिए उसने अपना प्रिय खादय नहीं खाया।

**बहुविकल्पीय प्रश्न** Multiple Choice Questions

4. क. (i) ख. (ii) ग. (ii) घ. (i) ड. (iii)

5. क. ख. ग. घ.

**व्याकरण पर आधारित प्रश्न** Grammar Based Questions

1. क. आजादी  ख. सर्दी  ग. गुलामी  घ. शैतानी  ड. बसंत  च. समझदारी

2. क. अनावश्यक  ख. दूर  ग. दीर्घ  घ. अलगाव

4

# ईदगाह

## (Idgah)

## अभ्यास Exercise

### मौखिक Oral

1. क- रमजान के पूरे तीस रोजों के बाद  ख- बारह और पंद्रह पैसे  ग- हामिद और उसकी बूढ़ी दादी  घ- चिमटा  ड- छह पैसे

### लिखित Writing

2. क- ईद के दिन बच्चे सबसे अधिक प्रसन्न थे क्यो कि वे ईदगाह जा रहे थे। वे वहाँ जाकर बहुत चीजें खरीदते।

ख- हामिद प्रसन्न था क्योंकि उसे लगता था कि उसके अब्बाजान रुपए कमाने गए है और उसकी अम्मीजान अल्लाह मियाँ के घर से उसके लिए बहुत सी चीजे लाने गई गई है। है। लिए नए ग अमीना उदास थी क्योंकि उसके पास हामिद के कपडे और खिलौने खरीदने के लिए पैसे नही थे।

ग. अमीना उदास थी क्योंकि उसके पास हामिद के लिए नए कपड़े और खिलौने खरीदने के लिए पैसे नहीं थे।

घ साथियों के खिलौने देखकर हामिद ने अपने आपको यह कहकर समझाया कि ये खिलौने तो मिट्टी के है। अगर गिरेंगे तो चकनाचूर हो जाएंगे।

3. क- हामिद ने अपने तीन पैसे चिमटे पर खर्च करना ठीक समझा क्योंकि उसकी दादी के पास चिमटा नहीं था। रोटियाँ सेंकते समय उनके हाथ जल जाते थे।

ख- अमीना ने हामिद को उसके माता पिता के संबंध में झूठ बोला था। हामिद को यही पता था कि उसके पिता व्यापार के लिए बाहर गए है और उसकी माँ अल्लाह मियाँ के यहाँ गई है।

ग- हामिद जब चिमटा लेकर घर लौटा तो उसको दादी उसे मेले में खाने पीने के लिए कुछ खरीदने की बजाय चिमटा खरीदने के लिए डाँटती है। उसके बाद हामिद ने दादी की बताया कि उसके हाथ रोटियां बनाते हुए न जले, इसलिए उसने चिमटा खरीदा है। यह सुनकर दादी का क्रोध स्नेह में बादल गया।

### बहुविकल्पीय प्रश्न Multiple Choice Questions

4. क.(i)  ख.(iii)  ग.(ii)  घ.(i)

5. क. प्रसन्न  ख. पंद्रह  ग. तीन  घ. अमीना

### व्याकरण पर आधारित प्रश्न Grammar Based Questions

1. क. भविष्यकाल  ख. वर्तमानकाल  ग. भूतकाल  घ. भविष्यकाल

2. तैयारियाँ, चीजें, दुआएँ, मिठाइयाँ आदमियो, पैसे।

# 5 इनसे सीखें
## (Learn From Them)

अभ्यास Exercise

**मौखिक** Oral

1. क. प्रतिदिन हँसना  ख. शीश झुकाना  ग. जगना और जगाना

**लिखित** Writing

2. क. जिस प्रकार मछली जल को ही अपना घर समझती है और उसके बिना वह तड़प-तड़पकर अपनी जान दे देती है उसी प्रकार हमे भी अपने देश से प्रेम करना चाहिए और उसके लिए अपनी जान न्योछावर करने के लिए भी तैयार रहना चाहिए।

ख. दीपक स्वयं जलकर दूसरो को प्रकाशित करके हमें यह शिक्षा देना है कि हमें भी दूसरों की सहायता करने के लिए तैयार रहना चाहिए अर्थात परोपकार में विश्वास रखना चाहिए। हमे दूसरों में खुशियाँ बाँटनी चाहिए।

ग. प्रकृति का हमारे जीवन में बहुत महत्व है प्रकृति के विभिन्न तत्वों से हमे बहुत कुछ सीखने को मिलता है। प्रकृति हमे परोपकारी , ईमानवार तथा सहिष्णु बनने की प्रेरणा है। इस प्रकार प्रकर्ति हमारे जीवन का अभिन्न अंग है।

घ. प्रकृति सृष्टि का अनमोल उपहार है इसलिए इसका सुरक्षा व उसका संवर्धन करना हमारा नैतिक कर्तव्य है। हमें पेड़ों को काटने, जल प्रदूषण तथा वायु प्रदूषण को रोकने के लिए कदम उठाने चाहिए। हमे अपनी आदतों को बदलने की आवश्यकता है। हमे अपनी प्रकृति को सुंदर सखने के लिए वृक्षारोपण करना चाहिए।

ड. अपने जीवन को सार्थक बनाने के लिए इस ब्रह्मांड की प्रत्येक वत्सु चाहे वह सजीव हो या निर्जीव, हमें कुछ न कुछ सिखाती है। यह कविता हमे परोपकारी, ईमानदार तथा सहनशील बनने की प्रेरणा देती है।

3. क. हँसना, गाना  ख. मिलाना  ग. जगना, जगाना  घ. गले

4. शब्दों को तीन-तीन बार लिखिए।

5. क. कोमल वह कोमल स्वभाव का व्यक्ति है।  ख. फूल - फूल हमें हँसना सिखाते है।  ग. सूरज - सूरज हमें जगने और जगाने की सीख देता है।  घ. दीपक - दीपक अँधेरा दूर करता है।

6. क(X) ख (✓) ग(X) घ(✓)

**व्याकरण पर आधारित प्रश्न** Grammar Based Questions

1. क. सूरज की किरणें हमें जगाती है। हमें भी दूसरों को प्रेरित करते रहना चाहिए।

ख. दीपक स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश बाँटता है। हुमे भी दूसरों के जीवन का अंधकार मिटाना चाहिए। उनके जीवन में खुशियां देनी चाहिए।

2. क. झुकी  ख. सच्ची  ग. ऊँचे

3. क. उजाला  ख. विदेश  ग. झूठी  घ. सोना

# 6

# ठंडा रेगिस्तान: लद्दाख
## (A Cold Desert: Ladakh)

अभ्यास Exercise

**मौखिक** Oral

1. क. कठिन ख. पश्चिमी ढंग के होटल एवं निजी घरों में ग. 14 वर्ष पूर्व हेलेन ने घ. कम से कम पांच वृक्ष लगाने चाहिए और हर वर्ष की पाँच साल तक रक्षा करनी चाहिए।

**लिखित** Writing

2. क. ऊंची पहाड़ी के बीच गहरे रास्ते को 'ला' कहते है।
   ख. लेह के लोगों का मुख्य व्यवसाय पर्यटन हो गया है।
   ग. खात्से गांव को खूबानियाँ बहुत मशहूर है। सेब भी होते है, देखने में बहुत खूबसूरत लेकिन रस और मिठास कम।
   घ. कैलांग से लेह 434 किमी0 है

3. क. लद्दाख को सुंदर बनाने में नवांग सांगे का महत्वपूर्ण योगदान है उन्होंने 17 लाख पेड़ लगाए जिनमें 77% जीवित है। नांग सांग सन् 1954 में लेह में फॉरेस्टर नियुक्त हुए। अपने सेवा काल में उन्होने जांस्कर, नुब्रा, चागभांग, सर्वत्र पेड़ लगाए। चांगभांग क्षेत्र में उन्होने आठ लाख पेड़ लगाए।

   ख. सोलम नोरबों लद्दाख में जन्मे पहले इंजीनियर थे। उन्होने इंग्लैंड में शिक्षा पाई थी और कश्मीर राज्य की सेवा मे आ गए। 1947 में उन्होने लेह में हवाई अड्डा बनाया। उसके बाद लेह-श्री नगर सड़क बनाई। वे लद्दाख के विकास के आयुक्त रहे। लद्दाख के विकास का श्रेय उन्हीं के जाता है।

   ग. लद्दाख में मक्खन की खपत अन्यांध्धक है क्योंकि यहाँ मक्खन मिली चाय पी जाती है जो शरीर को गरम रखने के लिए आवश्यक होती है।

   घ. लेह में पर्यटकों के लिए मुख्य आकर्षण यहाँ का जीवन है। रेगिस्तान की रंग-बिरंगी हिमशिखरों को छूती पहाड़ियाँ, पुरानी इमारतों में टीले पर बना लेह का राजमहल व बौद्ध मठ भी आकर्षण का केंद्र है।

4. क. (ग) ख. (क) ग. (ख) घ. (ग)

**बहुविकल्पीय प्रश्न** Multiple Choice Questions

5. क. (ii) ख. (i) ग. (iii) घ. (i) ड. (iii)

**व्याकरण पर आधारित प्रश्न** Grammar Based Questions

1. (i)अजा (ii)श्यामा (iii)आत्मजा (iv)पुत्री (v)ब्राहमणी (vi)तनुजा (vii)प्रधानाचार्या

2. लद्दाख - लद्दाख में जंगल का अभाव है।
   अड्डा - बस अड्डा पास में ही है।
   मिट्टी - इस क्षेत्र की मिट्टी बहुत उपजाऊ है।

7

# अंगुलिमाल
## (Angulimal)

अभ्यास Exercise

**मौखिक Oral**

1. क. अन्याय और अत्याचार से हुब्ध होकर ख. क्योंकि उनका हृदय द्रवित हो गया था ग. क्योंकि महात्मा बुदध उसके समक्ष नतमस्तक हो गए थे घ. "मैं तो ठहर गया। भला तू कब ठहरेगा ?" ड. सत्य और अहिंसा का संदेश

**लिखित Writing**

2. क. अंगुलिमाल श्रावस्ती नगर का निवासी था।
ख. श्रावस्ती नरेश प्रसेनजित ने महाराजा बुद्ध का भव्य स्वागत किया।
ग. नगर के नर-नारियो ने बुद्ध को जंगल में जाने से रोका क्योंकि उन्हें भय था कि डाकू अंगुलिमाल महात्मा जी भी वध कर देगा।

3. क. बलशाली राजा भी अंगुलिमाल से उरने लगे क्योंकि उसने प्रण लिया था कि जब तक सहस्त्र नरबलि नहीं देगा, तब तक अपनी तलवार म्यान में नहीं रखेगा। उसने राजा को भी मारने की धमकी दी थी।
ख. डाकू जिसको मारता था उसकी अंगुलियों की माला पहनता था इसलिए उसका नाम अंगुलिमाल पड़ा।
ग. बुद्ध ने डाकू को प्रायश्चित करने का यह उपाय बताया कि वह श्रमण करे और भिक्षा माँगकर अपने पाप का प्रायश्चित करे। डाकू अंगुलिमाल ने सत्य और अहिंसा का संदेश जन जन में फैलाया।
घ. महात्मा बुद्ध की अमरत सुनकर अंगुलिमाल के मन का मैल धुल गया। वह कृपाण फेक्कर बुद्ध के चरणों में गिर गया। महात्मा बुद्ध से प्रभावित होकर उसने अन्य और अहिंसा का संदेश जन जन में फैलाया। वह संघ का प्रचारक बन गया।

4. क. अंगुलिमाल सुखी गृहस्थ जीवन व्यतीत करना चाहता था।
ख. अन्याय और अत्याचार से दुखी होकर अंगुलिमाल ने एक आदमी का हत्या कर दी।
ग. श्रावस्ती नरेश ने डाकू को प्राणदंड देने का आदेश दिया।
घ. अंगुलिमाल ने प्रण लिया कि जब तक एक सहस्र नरबलि नहीं देगा, तब तक अपनी तलवार म्यान में नहीं रखेगा

**बहुविकल्पीय प्रश्न Multiple Choice Questions**

5. क. (iii) ख. (iii) ग.(i) घ.(i) ड.(i)

**व्याकरण पर आधारित प्रश्न Grammar Based Questions**

1. वाक्य-प्रयाग - विद्यार्थी स्वयं करे।

2. क. कमल के समान नयन - कर्मधारय समास
ख राजा का कुमार - तत्पुरुष समास
ग. चरण रूपी कमल - कर्मधारय समास
घ. चंद्र है शिखर पर जिसके (शिव जी)- बहुव्रीहि समास
ड. पीला है अंबर जिसका (विष्णुजी) बहुव्रीहि समास
च. चार युगों का समूह - द्विगु समास

# 8

# डॉ॰ जगदीश चंद्र बसु
## (Dr. Jagdish Chandra Basu)

अभ्यास Exercise

**मौखिक Oral**

1. क. 30 नवंबर 1858 ख. इंग्लैंड ग. रजोनेट रिकॉर्डर घ. बसु विज्ञान मंदिर की स्थापना की। ड. 1937 में

**लिखित Writing**

2. क. बहुत से लोगों को इस बात का विश्वास नहीं होता कि पेड़ पौधे भी हमारी तरह जागते सोते, साँस लेते और सुख-दुख का अनुभव करते हैं।

ख. डॉ0 बसु की माता जी अत्यधिक धार्मिक विचारो की महिला थी?

ग. डॉ0 बसु ने सबसे पहले 'बेतार के तार' की खोज की।

3. क. डॉ0 बसु का जन्म 30 नवंबर, 1858 को ढाका जिले के एक छोटे से गाँव राढ़ीखाल में हुआ। बालक बसु की प्रारंभिक शिला गाँव की पाठशाला में हुई। बालक जगदीश की रुचि पेड-पौधों में थी। गांव के बाद आगे की पढ़ाई के कोलकाता फिर विज्ञान की शिक्षा के लिए इंग्लैंड भेजे गए। वहाँ उनका संपर्क बड़े-बड़े वैज्ञानिकों से हुआ।

ख. डॉ0 बसु चाहते थे कि भारतीय युवक विज्ञान के क्षेत्र में आगे आएँ और नई-नई खोज करें। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए उन्होंने 'बसु विज्ञान मंदिर' की स्थापना की।

ग. डॉ0 बसु ने 'रजोनेट रिकॉर्ड' नामक यंत्र बनाया जिसकी सहायता से उन्होने पौधों के सुख-दुख अनुभव करने उनके हँसने रोने तथा चोट लगने और मरते समय काँपने आदि को वैज्ञानिक ढंग से सबके समक्ष प्रस्तुत किया।

घ. जिस कॉलेज में डॉ0 बसु को नियुक्ति हुई वहाँ पढ़ाने वाले अधिकतर अंग्रेज थे। जो थोड़े बहुत भारतीय शिक्षक थे, उन्हें अंग्रेज शिक्षकों से कम वेतन मिलता था।

4. क. डॉ0 बसु चाहते थे कि भारतीय युवक विज्ञान के क्षेत्र में आगे आएँ और नई नई खोजें करें।

ख. उन्होने 'बसु विज्ञान मंदिर' की स्थापना की।

ग. डॉ0 बसु ने दूसरे देशों के उनके साथ काम करने के निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया क्योंकि वे भारत को ही अपना कार्य क्षेत्र बनाना चाहते थे अर्थात में अपनी सेवाएँ अपने देश को ही देना चाहते थे।

**बहुविकल्पीय प्रश्न Multiple Choice Questions**

5. क.(ii) ख. (ii) ग. (iv) घ. (iv)

**व्याकरण पर आधारित प्रश्न Grammar Based Questions**

1. क. और ख. कि ग. परंतु घ. और ङ लेकिन
2. क. स्वदेश ख.प्रकार ग.प्रकाश घ.प्रलोभन ड.प्रभाव च.स्वतंत्र
3. क. देश ख. प्रयोग ग. संजय घ. समाप्त

# 9

# सागर और मेघ
## (Ocean and Cloud)

अभ्यास Exercise

**मौखिक** Oral

1. क. सागर और मेघ, रामकृष्ण दास ख. मोती ग. सागर घ. जिनके हृदय में कंकड-पत्थर और शंख-घोंघे भरे है। ड. वर्षा

**लिखित** Writing

2. क. सागर को नदियाँ भरती हैं। ख. मेघ सूर्य को चार महीने विश्राम देता है। ग. दधीचि की तपस्या कुलिश ने सफल कर दी थी। घ. दीनों को शरण सागर देता है।

3. क. सागर ने मेघ से ख. मेघ ने सागर से ग. सागर ने मेघ से घ. सागर ने मेघ से

4. विद्यार्थी स्वयं करे

5. क. नदियाँ ख. यश ग. जलाया घ. कंकड-पत्थर, ड. शंख-घोंघे च. हत्यारों

**बहुविकल्पीय प्रश्न** Multiple Choice Questions

6. क. (iii) ख. (iii) ग. (ii) घ. (iv) ड. (iv) च. (iii)

**व्याकरण पर आधारित प्रश्न** Grammar Based Questions

1. क. ऊँच ख. अशुद्ध ग. अपयश घ. सच्ची ड.अनीति

2. (i)कर - हाथ, किरण (ii)तीर - बाण, किनारा। (iii)कल - पुर्जा, आने वाला कल (iv)हल - एक औजार, समाधान (v)घन - बादल, घना (vi)हार - पराजय

3. (i) आकाश - आ + क् + आ + श+ अ
(ii) प्रतिक्षण - प+र+ अ + त + ई + क् + ष + अ +ण + अ
(iii) विनिमय - व+ इ + न् + इ + म् + अ + य् + अ
(iv) तनिक - त् + अ + न् + इ + क् + अ

4. क. इठलाकर ख.श्रृंखलता ग. निरीक्षण घ. कार्यक्रम ड.आततायियों

# 10

# आखिर कितनी जमीन
## (How Much Land)

## अभ्यास Exercise

**मौखिक Oral**

1. क. जमीन पर ख. अदालत में अर्जी दे दी ग. दीना मर गया घ. कब्र खोदी।

**लिखित Writing**

2. क. सरदार ने दूर-दूर तक फैली जमीन की ओर इशारा करके दीना से कहा कि जहाँ तक उसकी निगाह पहुंच रही है, वहाँ तक सरदार की जमीन है और वह जितनी चाहे उतनी जमीन ले ले। जमीन को देखकर दीना की आँखें चमकने लगीं।

ख. अपने घर, परिवार और मवेशियों के कारण दीना को अपनी जमीन कम लगने लगी और उसकी इच्छा बढ़ने लगी इसलिए उसे जमीन चाहिए थी।

ग. छोटी बहन सीधा-सादा जीवन व्यतीत कर रही थी और बड़ी बहन अपने सुखमय जीवन और ऐशो आराम के जीवन की तारीफ कर रही थी इसलिए उसे बड़ी बहन की बातें अच्छी नहीं लगी।

घ. दीना को उसके लालच के फलस्वरूप मृत्यु मिली।

ङ. सौदागर ने दीना को बताया कि वह जिस नदी के पास से आ रहा है, वहाँ इतनी जमीन है कि महीनों चलते रहने पर भी नापा नहीं जा सकता।

3. क. नई बस्ती सतलुज के पास बसने लगी थी।
ख. प्रत्येक व्यक्ति को बीस एकड़ जमीन मुफ्त मिल रही थी।
ग. दीना पड़ोसियों से परेशान था।
घ. सतलुज पार की जमीन उपजाऊ थी।
ङ. दीना ने परिवार के साथ सतलुज के पार जाने का फैसला किया।

4. जब दोनों बहनें आपस में बातें करती हैं तो बड़ी बहन अपने सुखमय और ऐशो आराम से पूर्ण जीवन के विषय में बनाती है। यह सब सुनकर छोटी बहन अपने सीधे सादे जीवन के विषय में बताती है। यह सुनकर बड़ी बहन व्यंग्य करते हुए कहती है कि छोटी बहन इसलिए सरल जीवन की बात कर रही है क्योंकि उसने कभी सुख और आनंद का भोग ही नहीं किया। उसके जैसी जिंदगी तो जानवर भी जी लेते हैं।

**बहुविकल्पीय प्रश्न Multiple Choice Questions**

5. क.(ii) ख.(iii) ग.(i) घ.(iv)

**व्याकरण पर आधारित प्रश्न Grammar Based Questions**

1. क. कचहरी, न्यायालय ख. चाह, अभिलाषा ग. भेंट, तोहफा घ. वस्त्र, पट ङ. रात्रि, निशा
2. क) व्यय ख) पश्चिम /पश्चात् ग) आसमान घ) असंतुष्ट ङ) बुढिया च) बेचना
3. क. किसी को आराम देना ख. आराम मिलना ग. किसी काम से कमाई घ. मानसिक कार्य से होने वाली मासिक कमाई

# 11
# विश्व विजेता मैरी कॉम
## (World Champion Merry kom)

## अभ्यास Exercise

### मौखिक Oral

1. क. 11 स्वर्ण पदक  ख. डिकों सिंह  ग. एस0सी0 मैरी कॉम बॉक्सिंग एकेडमी  घ. चुंगनेई जंग

### लिखित Writing

2. क. मैरी कॉम का जन्म सुदूर उत्तर पूर्व के भारतीय प्रदेश मणिपुर के कांगथेई गाँव मे 01 मार्च 1983 को हुआ था।
ख. उनके माता-पिता झूम की खेती में काम करने वाले साधारण से श्रमिक थे।
ग. मैरी कॉम ने प्रथम विश्व महिला चैम्पियनशिप 2002 में जीती।

3. क. 1998 में हुए बैंकाक एशियाई खेलों में मणिपुर के मुक्केबाज डिंको सिंह ने स्वर्ण पदक जीता। डिंको सिह की इस जीत ने मैरी को प्रेरणा और एक नई दिशा दी। उनका झुकाव मुक्केबाजी की ओर हो गया।

ख. मैरी कॉम ने सन् 2001 में अमरीका में हुई विश्व चैम्पियनशिप ने द्रवितीय स्थान प्राप्त किया। सून 2002 में विश्व विजेता का खिताब हासिल किया। इसके बाद 2005, 2006, 2008 और 2010 में हुई विश्व चैम्पियन प्रतियोगिताओं में भारतीय तिरंगे को सर्वोच्च शिखर पर लहराया। उन्होंने 2014 के एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

ग. मैरी कॉम द्वारा स्थापित अकेडमी में मुक्केबाजी में रुचि रखने वाले बच्चों को प्रशिक्षण दिया जाता है। यहाँ निर्धन परिवारों से आए बच्चे मैरी के घर में ही रहते है और उनके खाने पीने की व्यवस्था भी मैरी कॉम और उनके पति करते हैं और लड़कियों को अपनी रक्षा हेतु प्रशिक्षित करते है।

घ. प्रस्तुत पंक्ति का आशय है कि मैरी कॉम ने सन 2010 में हुए एशियाई खेलो में कांस्य पदक जीता। उन्होंने कांस्य पदक से संतुष्टि नहीं हुई क्यों कि उन्हें अपने देश के लिए स्वर्ण पदक जीतना था

4. क. मेरी के जन्म पर उनकी दादी ने उनका नाम चुंगनेई जेंग रखा।
ख. उनके नाम का क्षेत्रीय भाषा मे अर्थ 'समृद्धि' है।
ग. उन्होने न केवल अपने परिवार को समृधि प्रदान की, बल्कि समस्त भारत देश को क्रीडा जगत में समृद्ध किया।

### बहुविकल्पीय प्रश्न Multiple Choice Questions

5. क. (ii)  ख. (iii)  ग. (iv)  घ. (iii)  ङ. (ii)

### व्याकरण पर आधारित प्रश्न Grammar Based Questions

1. क. बच्चा+पून - बचपन  ख. लंबा + ई - लंबाई  ग. सम्मान + इत - सम्मानित
घ. खेल + ना - खेलना  ङ. निर्धन + ता - निर्धनता

2. स्वयं कीजिए।

3. क. जग, जगत  ख. सोना, कनक  ग. तम, अँधेरा  घ. रात्रि, निशा

4. क. पद + अर्पण  ख. अति+अंत  ग. अंतर + राज्यीय  घ सर्व + उच्च

5. क. धाक जमाना - प्रभात करना - आज उसने अच्छा प्रदर्शन करके सबके ऊपर अपनो धाक जमा ली।
ख. धूल चटाना - बुरी तरह हराना - आज मैच में राम की टीम ने दूसरी टीम को भूल चटा दी
ग. जी-तोड मेहनत करना - बहुत परिश्रम करना - परीक्षा में प्रथम आने के लिए मोहन ने जी-तोड मेहनत की।
घ. आमना-सामना होना- मुकाबला होना- आज रोहन और सोहन का आमना-सामना हो गया।

6. क. कॉम ने - कर्ता कारक  ख. कोच से - करण कारक  ग. मैरी ने, प्रतिद्वंद्वी को - कर्ता कारक, कर्म कारक  घ. मुश्किलो से - करण कारक  ङ. इंचियान में - अधिकरण कारक

# 12

# सुभान खाँ

## (Subhan Khan)

अभ्यास Exercise

**मौखिक** Oral

1. क. मुसलमान बच्चों की तरह ताजिये के चारों ओर रंगीन छड़ी लेकर कूदता था और कूदते हुए करबला तक जाता था।।

ख. वह गरीब होने के कारण तीर्थ पर नहीं जा सकता था।

ग. सुभान खाँ एक राजमिस्त्री थे। जब किसी को घर की दीवारों पर कुछ मरम्मत की आवश्यकता होती थी तो उन्हें बुला लिया जाता था। यही उनकी कमाई का साधन था।

घ. लेखक के बगीचे से

**लिखित** Writing

2. क. सुभान खाँ पश्चिम की ओर मुँह करके नमाज पढ़ते थे  क्योकि इस्लाम धर्म में मक्का की दिशा की ओर नमाज पढ़ने का प्रावधान है।

ख. वे कर्ज के पैसो से तीर्थ पर नहीं जाना चाहते थे क्यों कि वे कर्ज में नही डूबना चाहते थे और उनका मानना था कि कर्ज से तीर्थ करने में पुण्य भी नहीं मिलता।

ग. हज से लौटने के बाद दादा का ज्यादा समय नमाज-बंदगी में ही बीतता । दिनभर उनके हाथों में तसबीह के दाने घूमते और उनकी जुवान अल्लाह की रट लगाए रहती ।

घ. जब लेखक सुभान दादा के घर पहुंचा, उस समय उनको घर बच्चों का अखाड़ा बना हुआ था। उनके घर में पोते-पोतियो नाती नातिनो की भरमार थी। लेखक की उम्र के बहुत से बच्चे रंगीन कपड़ों से सजे-धजे मानो उसी का इंतजार कर रहे थे।

3. क. सुभान खाँ के अंदर मानवीय संवेदनाएँ कूट-कूटकर भरी थीं। उन्होंने अपने जीवन में सदैव कर्तव्यनिष्ठा, प्रेम, भाईचार तथा सहृदयता को स्थान दिया। वे अपनी ईमानदारी के कारण पूरे इलाके में प्रसिद्ध थे।

ख. इस पंक्ति से लेखक का अभिप्राय है कि अंग्रेजी स्कूल में जो भाषा, आचार व्यवहार और शिक्षा पद्धति अपनाई जाते थी, वह उनके घरेलू और सांस्कृतिक अनुभव से अलग थी। वे अपने भारतीय परिवेश में पले-बढ़े थे, जहाँ परंपराएँ और संस्कृति बहुत अलग थी। इस बदलाव और अंतर ने एक अजीब अस्वाभाविकता हर बात में ला दीथी।

ग. जिस दिन मस्जिद तैयार हुई, सुभान दादा ने जवार भर के प्रतिष्ठित लोगों को न्योता दिया। जुम्मा का दिन था। जितने मुसलमान थे सबने उसमें नमाज पढ़ी थी। जितने हिंदू आए थे उनके सत्कार के लिए दादा ने हिंदू हलवाई रखकर तरह-तरह की मिठाइयाँ बनवाई थीं।

घ. प्रस्तुत कहानी से हमें यह सीख मिलती है कि हमें सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखना चाहिए । सभी धर्मों के प्रति समान श्रद्धा-भाव विकसित करना चाहिए। ईमानदारी परिश्रम, प्रेम-भाव, आत्मीयता आदि गुणों को अपने व्यक्तित्व में स्थान देना चाहिए।

4. क. पाठ - सुभान खाँ        लेखक - रामवृक्ष बेनीपुरी

ख. लेखक का मन बहलाने के लिए वे उसे कंधे पर चढ़ाकर इधर-उधर घुमाते, तरह-तरह की बातें सुनाते और कहानियाँ कहते ।

ग. काम और अल्लाह, ये दो चीजें उनके लिए सबसे प्यारी थीं

घ. सुभान दादा काम करते हुए अल्लाह को याद करना और अल्लाह से फुर्सत पाकर झट काम में लग जाना अपना पवित्र कर्तव्य मानते थे।

### बहुविकल्पीय प्रश्न Multiple Choice Questions

5. क. (iii) ख. (i) ग. (i) घ. (iv) ड.(i)

### व्याकरण पर आधारित प्रश्न Grammar Based Questions

1. (i) तीर्य (ii)पर्व (iii)अश्रु (iv)दक्षिण (v)सूर्य (vi)मुख
2. क. सुभान दादा दाढी-मूंछ रखते थे।
   ख. मोहन ने बहुत मेहनत-मशक्कत से अपना घर बनाया है।
   ग. हमें देश प्रेम की भावना से ओत-प्रोत रहना चाहिए ।
   घ. उसकी बेल चाल में सादगी है।
   ड. मीना की कहानी बहुत दर्दभरी है।
   च. उसने मेहमानों का स्वागत पान-इलायची से किया ।
3. (i) इबादत - पूजा (ii) सौगात - उपहार (iii) गोरत - मांस (iv)तकदीर - भाग्य (v)दर्द - पीड़ा
4. वाक्य -स्वयं बनाइए ।



# 13 सब अपने हैं
## (One Family Here)

### अभ्यास Exercise

### मौखिक Oral

1. क. पढाई करने से हमे धरती, आकाश, नदियो और झरनों के बारे में यह पता चलता है कि प्रकृति के ये सभी उपादान हमारे अपने है। प्रकृति से हमारा अटूट संबंध है।
   ख. अंकुर से जंगल बन जाता है।
   ग. आदि मानव ने सबसे पहले आग जलाना सीखा।
   घ. मानव दवारा किया प्रथम आविष्कार आग का आविष्कार था।
   ड. मानव खेल खेल में चाँद की धरती ती छूकर आ गया

### लिखित Writing

2. क. कवि के अनुसार पढ़ना-लिखना बोझ नही है क्यों कि इससे हम आत्मनिर्भर बनते हैं तथा मानव विकास की गाथा को समझते है।

   ख. 'सब अपने हैं' से कवि का तात्पर्य है कि प्रकृति के समस्त उपादानो से हमारा अटूट संबंध है। हमे प्रकृति के महत्त्व को समझनाचाहिए। हमें सबके साथ मिल- जुलकर रहना चाहिए।

ग. कवि ने धरती, अंबर, नदियाँ, झरने, मिट्टी, जंगल, फूल आदि का उल्लेख किया है

घ. कविता में पहले पहल मानव का आग जलाना, खेती करना, पहिए का आकार बनाना, चाक चलाना, बर्तन बनाना, भाप की ताकत, बिजली पर काबू पाना, एटम को टुकड़ो में बाँटना और चाँद पर जाना उदाहरणों के माध्यम से मानव विकास को वर्णित किया है।

ड. अंकुर से जंगल बन जाना, के माध्यम से कवि कह रहा है कि जिस प्रकार एक छोटे से बीज से नन्हा पौधा बाहर निकलकर बाद में एक पेड़ बन जाता है और धीरे धीरे जंगल तैयार हो जाता है वैसे ही मनुष्य भी लगातार प्रयासों से विकास की ओर बढ़ती जा रहा है।

3. भाव :- यह सत्य है कि पढ़ने-लिखने से एकता की भावना मजबूत होती है। ज्ञान ही एक ऐसी शक्ति है जिसके माध्यम से हम अपनत्व की भावना विकसित करते हैं। वैज्ञानिक विकास, खेल व सांस्कृतिक विकास निश्चित ही कही न कही एक-दूसरे से जुड़े हैं। इसलिए आपस में भेदभाव नहीं करना चाहिए।

### बहुविकल्पीय प्रश्न Multiple Choice Questions

4. क. (ii) ख. (iv) ग. (ii) घ. (iii) ड. (iii)

### व्याकरण पर आधारित प्रश्न Grammar Based Questions

1. 1. धरा 2. सरिता 3. समुद्र 4. आसमान 5. पुष्प 6. अग्नि
2. (i)अग्नि (ii)चंद्र (iii)क्षेत्र (iv)कुम्भकार (v)वाष्प (vi)मृत्रिका
3. वाक्य प्रयोग स्वयं कीजिए।
4. 

| | |
|---|---|
| (i)पढ़ना और लिखना | द्वंद्व समास |
| (ii)इंद्र का धनुष | तत्पुरुष समास |
| (iii)वाष्प की शक्ति | तत्पुरुष समास |
| (iv)सागर का तट | तत्पुरुष समास |
| (v)पुष्प की वाटिका | तत्पुरुष समास |

5. क. अकर्मक ख. अकर्मक ग. अकर्मक घ. सकर्मक ङ. अकर्मक च. सकर्मक छ.अकर्मक

# 14 बस की यात्रा (Journey By Bus)

### अभ्यास Exercise

### मौखिक Oral

1. क. जबलपुर ख. बेहद जर्जर थी ग. पेट्रोल की टंकी में छेद हो गया। घ. बस का टायर पंक्चर हो गया।
ड. टायर पंक्चर होने पर दूसरा घिसा हुआ टायर लगाकर बस फिर चली।

### लिखित Writing

2. क. शाम को जाने वाली बस बहुत जर्जर अवस्था में थी। वह कही पर भी चलते-चलते रुक सकती थी या दुर्घटनाग्रस्त हो

सकती थी इसलिए लोग उससे नहीं जाना चाहते थे।

ख. लेखक रास्ते के किनारे खडे हरे-हरे पेड़ो को अपना दुश्मन समझ रहा था।

ग. झील आते ही लेखक को लगता था कि बस झील में डुबकी लगाएगी।

घ. बस को लाइट की तुलना वृद्धा को आँखों की रोगनी से की गई है।

3. क. लोगों ने शाम वाली बस से न जाने की सलाह दी क्यों कि बस बहुत पुरानी थी। बस का कोई भरोसा नहीं था कि वह कब और कहाँ रुक जाए। उनके अनुसार वह बस डाकिन के समान थी।

ख. बस की हालत बहुत खराब थी। लेखक के अनुसार उस बस के अंदर बैठना अपने प्राणों का बलिदान देना था। उसके शीशे टूटे हुए थे और इंजन बहुत आवाज करता था।

ग. लेखक ने बस की सीटो और बॉडी की हालत की तुलना गांधी जी के असहयोग और अविनय अवज्ञा आंदोलन से की। कभी लगता कि सीट बॉडी को छोड़कर आगे निकल गई है तो कभी लगता कि सीट को छोड़कर बॉडी आगे भागी जा रही है।

घ. टायर पंक्चर होने पर लेखक के मन में यह विचार आया कि अगर बस स्पीड में होती तो उछलकर नाले मे गिर जाती।

ड. अंतत लेखक ने अपने आपको सांत्वना देते हुए कहा कि जिंदगी इसी बस में गुजारनी है और इसमे सीधे उस लोक को प्रयाण कर जाना है। इस पृथ्वी पर उसकी कोई मंजिल नहीं है।

4. क. लेखक अपने चार मित्रों के साथ यात्रा कर रहा था। उब लोगों से शाम वाली बस से यात्रा न करने की सलाह दी।

ख. लोगों ने शाम वाली बस से यात्रा न करने की सलाह दी।

ग. लोग बस को डाकिन' के नाम से संबोधित कर रहे थे

घ. बस बहुत पुरानी थी।

ड. आशय: छात्र स्वयं करें।

5. स्वयं कीजिए।

## बहुविकल्पीय प्रश्न Multiple Choice Questions

6. क. (iii) ख. (ii) ग. (iii) घ. (ii) ड. (iii)

## व्याकरण पर आधारित प्रश्न Grammar Based Questions

1. हिंदी - मित्र, वयोवृद्ध, असहयोग, प्रकृति, पक्षी, ज्योति

उर्दू - भरोसा, गजब, विदा, फकीर, सदियाँ

अंग्रेजी - स्टार्ट, इंजन, सीट, ट्रेनिंग, कंपनी, ट्रेन स्टीयरिंग

2. यात्री - पथिक, मुसाफ़िर मित्र - सखा, दोस्त

आँख - नेत्र, नयन दूध - दुग्ध, भीर

रास्ता - मार्ग, राह घर-गृह, सदन

3. यात्री- आज बस में बहुत कम यात्री है।

चिकित्सक - मेरे घर के पास एक चिकित्सक रहते हैं। किया है।

प्रशिक्षण - मैने क्रिकेट का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

ड्राइवर - आज ड्राइवर बहुत तेज गाड़ी चला रहा है।

चाल = उसने अपनी चाल धीमी कर ली है है।

4. योग्य – अयोग्य विश्वसनीय - अविश्वसनीय

सहयोग – असहयोग प्राण - निष्प्राण

लोक – परलोक मान - अपमान

5. (i) लकड़हारा (ii) जादूगर (iii) सुनार (iv) रसोइया (v) तेली

6. नई-नवेली - नई और नवेली - द्वंद्व समास
आना जाना - आना और जाना - द्रवंद्रव समास
राजा – रक - राजा और रक - द्वंद्व समास
श्रद्धा-भाव श्रद्धा का भाव - तत्पुरुष - समास
लोक प्रयाण - लोक को प्रयाण - तत्पुरुष समास

7. (i) दुः + लभ (ii) वृद्धा + अवस्था (iii) प्राण + अंत (iv) उत् + सर्ग (v) नि + चिंत

# 15

# सुमन एक उपवन वेफ

## (Flower of one Garden)

### अभ्यास Exercise

**मौखिक Oral**

1. क. विभिन्न प्रकार के सुमनों से ख. चाँदनी से ग. भ्रमरों के घ. एक सूत्र में बंधकर

**लिखित Writing**

2. क. कविता में उपवन भारतवर्ष को कहा गया है।
ख. कविता में भारतवासियों की तुलना रंग-बिरंगे फूलों से की गई है।
ग. कलियों को सूरज की किरणें खिलाती हैं।

3. क. भिन्न-भिन्न रंग रुप होने के बावजूद हम सब में यह समानता है कि हम सब भारतीय हैं। हम सब मिल जुलकर एक साथ रहते हैं।
ख. काँटों से हमने हँस हँसकर जीना सीखा है।
ग. हम सब एक ही सूरज की धूप और एक ही चाँद की रोशनी प्राप्त करते हैं इसलिए उनके कारण हम में एकता है।

4. क. कवि-द्वारिका प्रसाद माहेश्वरी
कविता - सुमन एक उपवन के
ख. सूरज की किरणें हृदय की कली खिलाती हैं।
ग. भ्रमरों के गुंजन मीठे हैं।
घ. हम सब सुमन एक उपवन के पंक्ति से कवि का तात्पर्य भारतवासियों की एकता एवं अखंडता से है।

5. (क) सुमन (ख) माली (ग) हार (घ) हँस हँसकर

**व्याकरण पर आधारित प्रश्न Grammar Based Questions**

1. क. उपवन ख. हमारी ग. नहलाती

2. कवि ने भारतवर्ष की तुलना उपवन से की है, ईश्वर इस उपवन के माली हैं। इसके निवासी पवन के पालने में झूलकर पले है, इसके स्वर भौरों के गुंजन के समान है। एकता के सूत्र में बंधे सब फूलों के समान हैं और भारतमाता के गले का हार हैं।

# 16 भारत की मंगल यात्रा
## (India's Mars Journey)

अभ्यास Exercise

**मौखिक Oral**

1. क. चंद्रयान और मंगलयान ख. सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र ग. मंगल ग्रह की कक्षा में घ. लगभग 300 दिन
ङ. सौर ऊर्जा से

**लिखित Writing**

2. क. मंगल ग्रह पृथ्वी से 65 करोड़ किलोमीटर की दूरी पर है।
ख. मंगल यान का निर्माण भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने किया।
ग. इस अभियान की तैयारियों में लगभग चार वर्ष लगे।

3. क. आकाश गंगा में 100 से 400 अरब के बीच तारे और लगभग 50 अरब ग्रह हैं। हमारा सौर मंडल आकाश गंगा के बाहरी ओर है।
ख. इसे सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान द्वारा भेजा गया।
ग. मंगल यान को अंतरिक्ष में भेजने का उद्देश्य, मंगल ग्रह की संरचना, खनिज, वातावरण तथा वहाँ मानव जीवन का पता लगाना था।

4. स्वयं कीजिए!

**बहुविकल्पीय प्रश्न Multiple Choice Questions**

5. क.( i ) ख.(iv) ग.( i ) घ.( ii ) ङ.( iii )

**व्याकरण पर आधारित प्रश्न Grammar Based Questions**

1. (i)असीमित (ii)अभूतपूर्व (iii)मितव्ययी (iv)अनगिनत (v)अद्वितीय

2. शून्य - संख्या का चिह्न, अंतरिक्ष
अंक - गोद, संख्या
लाल - बेटा, रंग
विधि - ढंग, बहुमा

3. ग्रह - सूर्य, मंगल आदि, गृह - घर
मात्र - केवल, मातृ - माता
दिन - दिवस, दीन - गरीब

4. अंतरिक्ष - गगनमंडल, नभमंडल
चंद्रमा - चंद्र, शशि
गंगा - देवनदी, भागीरथी
समुद्र - सागर, जलधि

5. अंतर्ग्रहीय - अंतः + ग्रहीय
अत्यंत - अति + अंत
अत्यधिक - अति + अधिक
पदार्पण - पद + अर्पण

5. समय - सामयिक
वर्ष - वार्षिक
कल्पना - काल्पनिक
दिन - दैनिक
शक्ति - शक्तिशाली
मानव - मानवीय
इतिहास - ऐतिहासिक